NT>

14.15 hrs.

Title: Need to establish a Bench of Gujarat High Court at Surat in Gujarat

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान गुजरात के सूरत जिले में गुजरात उच्च न्यायालय की एक बैंच खोलने के लिए आवश्यकता की तरफ दिलाना चाहता हूं। सूरत, भरूच, वलसाड, नवसारी एवं नर्मदा जिले के लोगो के मुकदमे अहमदाबाद स्थित उच्च न्यायालय में चलते हैं जिसके कारण यहां के लोगों को न्याय प्रक्रिया में भाग लेने हेतु एक दिन पहले चलना पड़ता है अर्थात एक डेट पर जाने के लिए एक आदमी को तीन दिन खर्च करना पड़ता है और ठहरने एवं आने-जाने में भारी मात्रा में धनराशि खर्च करनी पड़ती है। इस प्रकार से न्याय पाने के लिए आदमी को बहुत परेशानी उठानी पड़ती है।

अत सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि गुजरात उच्च न्यायालय की एक बैंच सूरत में शीघ्र स्थापित की जाए। यह दक्षिण गुजरात के लोगों की मांग है।